
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



ये मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है?: कृति खरबंदा

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 121 | MONDAY DATE 25-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## कंचनजंगा, सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना का रक्षक : प्रधानमंत्री मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

सिक्किम के राज्य बनने के 51वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख साझा किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लेख में कंचनजंगा का विशेष जिक्र किया गया है और इसे सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना का रक्षक बताया गया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'जैसे ही सिक्किम अपने राज्य के दर्जे के 51वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कंचनजंगा के बारे में लिखा है, और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे सिक्किम की भूमि, उसकी स्मृतियों और उसकी चेतना का रक्षक बताया है।

उन्होंने इस बात की जानकारी दी है कि कंचनजंगा के पांच रत्न राज्य की यात्रा को लगातार उज्ज्वल बना रहे हैं, और 'विकसित सिक्किम 2047' की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।'



केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि कंचनजंगा, जिसे 'पर्वत श्रृंखला' कहा जाता है, हमारी कल्पना में लुंगता प्रार्थना झंडों, बादलों और बर्फ से ढकी दूर स्थित हिमालयी चोटियों के रूप में उभरता है। सिक्किम की लगभग एक चौथाई भूमि कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आती है। सदियों से, कंचनजंगा स्थानीय समुदायों की लोककथाओं में एक पवित्र सभ्यतागत शक्ति के रूप में विराजमान रहा है। महान लामा ल्हात्सुन चेनपो ने इस मान्यता की काव्यात्मक व्याख्या करते हुए पांचों चोटियों को शाश्वत बर्फ के पांच खजाने कहा है, 'उगते सूरज से सबसे अधिक चमकती चोटी सोने का खजाना है, ठंडी छाया में रहने वाली चोटी चांदी का भंडार है, और अन्य चोटियां रत्नों, अनाजों और पवित्र ग्रंथों के भंडार हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिक्किम के 51वें राज्य स्थापना दिवस समारोह के लिए हाल ही में की गई अपनी यात्रा के दौरान, यह कहावत समकालीन प्रासंगिकता के साथ फिर से सामने आई। सिंधिया ने कहा, 'पहला खजना सोना है, और सिक्किम अपने लोगों से कहीं अधिक समृद्ध है। विकास तभी स्थायी होता है जब वह समुदायों के विश्वास से पनपता है, और सिक्किम लेपचा, भूटिया और नेपाली समुदायों की एकता और सामाजिक सद्भाव में इस सत्य का ठोस प्रमाण प्रस्तुत करता है।'



## राहुल गांधी के दावों पर भड़के सुधांशु त्रिवेदी, लिखा- कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावों पर भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने निशाना साधा है। सुधांशु त्रिवेदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी का यह बयान केवल राजनीतिक हताशा नहीं बल्कि भारत को अस्थिर करने की खतरनाक मानसिकता का सार्वजनिक प्रदर्शन है। जब-जब देश वैश्विक मंच पर मजबूत हुआ, भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को स्वीकार किया, तब-तब भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने का अभियान चलाया और कांग्रेस ने उनका साथ निभाया। सुधांशु त्रिवेदी ने लिखा कि हाल के राज्य चुनावों में नगण्य रैलियां करके, उसी समय विदेशों में उस सैर-सपाटा कर के बिना मेहनत चुनाव जीतने का ख्वाब रखने के कारण राहुल गांधी लोकतांत्रिक चुनावों में लगातार हार रहे हैं। उन्होंने लिखा कि अब कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आई है। विदेशी धरती पर भारत की संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना, देशविरोधी नैरेटिव को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना, यह सब संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'टूलकिट राजनीति' का हिस्सा है।

# यमुना पुनर्जीवन के लिए दिल्ली सरकार का बड़ा कदम

### 1,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

दिल्ली सरकार यमुना नदी के पुनर्जीवन और नजफगढ़ ड्रेन की सफाई के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली जल प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट और जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना और दिल्ली को एक स्वच्छ, हरित और जल-सुरक्षित राजधानी बनाना है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) लगाने की मंजूरी दी गई है। करीब 860 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इन प्लांटों की कुल क्षमता 46.5 एमजीडी होगी और इन्हें केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इनमें मित्राऊं में 17 एमजीडी क्षमता का डीएसटीपी बनाया जाएगा। इसके अलावा कैर, कांगनहेड़ी, ककरोला और दिचाऊं कलां में 4, गालिबपुर, सारंगपुर और शिकारपुर में 3 और हसनपुर, जाफरपुर, काजीपुर और खेड़ा डाबर में 4 डीएसटीपी स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से 121 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों, 35 गांवों और लगभग सात लाख लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही, अनुपचारित सीवेज को नजफगढ़ ड्रेन में जाने से रोका जा सकेगा, जिससे यमुना की सफाई और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पहले चरण का अपग्रेडेशन और क्षमता विस्तार किया जाएगा। इसके तहत प्लांट की क्षमता 12 एमजीडी से बढ़ाकर 18 एमजीडी की जाएगी। करीब 122 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के जरिए उपचारित जल की गुणवत्ता को नवीनतम मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। परियोजना में 11 वर्षों तक संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) की व्यवस्था भी शामिल होगी। इससे रिसाइकल्ड पानी के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और जल संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर में सुधार और जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। अब दिल्ली जल बोर्ड विभिन्न विभागों की ओर से नए वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण और पुराने ढांचों के पुनर्स्थापन का कार्य करेगा। इस पहल को प्रभावी बनाने के लिए चार ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट्स और दस रेन वाटर हार्वेस्टिंग सोशल मोबिलाइजर्स की नियुक्ति भी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रच रहे हैं राहुलः पात्रा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अराजकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साज़िश रचने का आरोप लगाया है। दरअसल श्री गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी।

### देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं राहुलः पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश में अराजकता फैलाने की एक गंभीर साज़िश करार दिया है और उन पर देश में हिंसा भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि श्री गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान कांग्रेस, सभी विपक्षी दलों और भारत को अस्थिर करने का सपना देखने वाले 'टूलकिट गैंग' द्वारा देश के खिलाफ रची जा रही एक बड़ी साज़िश की ओर इशारा करता है। यह कोई साधारण बयान नहीं है, बल्कि देश में अराजकता फैलाने की एक गंभीर साज़िश है।

## गांव हों या शहर, भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें : योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 24 मई।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से 3,742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की दक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखा जाए तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

## विरोधी दल संकीर्ण और छलावे की राजनीति कर रहे जनता फिर बसपा की ओर देख रही : मायावती

» **लखनऊ, यूटर्न/ 24 मई।**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश के मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हालात को 'दुखद और कड़वा' बताते हुए रविवार को कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और पूंजीपति समर्थक नीतियों से आम जनता में बेचैनी बढ़ रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल संकीर्ण और छलावे की राजनीति कर रहे हैं, जबकि लोगों का आत्मसम्मान और सुरक्षित जीवन लगातार संकट में पड़ता जा रहा है। लखनऊ स्थित बसपा उत्तर प्रदेश स्टेट यूनिट कार्यालय में आयोजित पार्टी की बड़ी बैठक में मायावती ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती और सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने की रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बदलते चुनावी माहौल और नई चुनौतियों



को देखते हुए पार्टी संगठन को और अधिक 'चुस्त-दुरुस्त तथा मुस्तैद' बनाने की जरूरत है, ताकि उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जिस तरह के राजनीतिक और आर्थिक हालात बने हैं, उससे आम लोगों में असुरक्षा और असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## दिल्ली जिमखाना क्लब से बेदखली : कांग्रेस ने उठाए सवाल, भाजपा ने किया पलटवार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।

दिल्ली के प्रतिष्ठित और ब्रिटिश काल से जुड़े दिल्ली जिमखाना क्लब को लेकर अब सियासी घमासान तेज हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा क्लब की 27.3 एकड़ जमीन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गई हैं। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर प्रधानमंत्री आवास के लिए इतनी बड़ी जमीन की जरूरत क्यों पड़ रही है जबकि भाजपा ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हित से जुड़ा फैसला बताया है। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत का एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में सुरेंद्र राजपूत आरोप लगाते नजर आए कि दिल्ली जिमखाना क्लब की जमीन प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास लोक कल्याण मार्ग के विस्तार के लिए ली जा रही है। वीडियो में सुरेंद्र राजपूत यह सवाल भी पूछते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री को रहने के लिए आखिर कितनी जमीन चाहिए? भाजपा को इसका जवाब देना होगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षक अभियान : समालखा के सेवा साधना केंद्र में दो दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन

**भाजपा की असली शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता, मिलकर देश को 2047 से पहले बनाना है विकसित राष्ट्र: मनोहर लाल खट्टर**

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 24 मई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षक अभियान के तहत पानीपत जिले के गांव पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना केंद्र के सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को गरिमामय समापन हो गया। देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, 'भारत माता की जय' के उद्घोष और 'वन्देमातरम' के सामूहिक गान के साथ हुआ। कार्यशाला के दौरान सभी वक्ताओं ने देश के महान मनीषियों और नेताओं– डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. हेडगेवार, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी




और डॉ. मंगल सेन को बार-बार याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में कुल 6 महत्वपूर्ण वैचारिक और संगठनात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें कार्यकर्ताओं ने गहरी रुचि दिखाई। विशेषकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने कार्यशाला में आए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा देशभक्ति, राष्ट्रवाद और अंत्योदय की भावना से गरीब कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम करती है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो गांव से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। आज भाजपा अगर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, तो उसके पीछे करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण है।'

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आ'ान करते हुए कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने, भव्य राम मंदिर का निर्माण, 25 करोड़ लोगों को बीपीएल श्रेणी से बाहर लाने, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाने के संकल्प और पश्चिम बंगाल में मिली जीत से 'चिकन नेक' को सुरक्षित बनाकर भारत की सभी सीमाओं को अभेद्य करने जैसी मुख्य उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने इस युग में बिजली को सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कार्यकर्ताओं से आ'ान किया कि वे वर्ष 2047 से पहले भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए और अधिक मेहनत व प्रयास करें।

कार्यशाला के सभी सत्र अलग-अलग सांगठनिक विषयों पर केंद्रित रहे, जिनकी वक्ताओं और अध्यक्षों की सूची इस प्रकार है: प्रथम सत्र: पूर्व मंत्री कविता जैन ने संबोधित किया, जबकि अध्यक्षता जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने की।

दूसरा सत्र: प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने संबोधित किया और अध्यक्षता रोशन लाल मेहता ने की। तीसरा सत्र: दिल्ली की आदर्श नगर विधानसभा के विधायक राजकुमार भाटिया और ज्योति कुंडिया ने संबोधित किया।

# दिल्ली में हर्ष विहार के 36 घरों में 6 साल बाद आई बिजली, परिवार के लोगों से मिलीं मुख्यमंत्री



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को हर्ष विहार के उन 36 परिवारों से मुलाकात की, जो लंबे समय से बिजली के कनेक्शन का इंतजार कर रहे थे। सीएम रेखा गुप्ता ने बिजली विभाग को निर्देश जारी कर तत्काल बिजली कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुल सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हर्ष विहार ए-3 के इन 36 परिवारों ने बिजली कनेक्शन के लिए वर्षों तक इंतजार किया है, और आज उनके चेहरों पर दिख रहा सुकून इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील प्रयास लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज परिवारों के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि हमारी सरकार दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। जन सुनवाई के दौरान जब उन्होंने मेरे समक्ष यह विषय रखा कि 2018 से वो बिजली कनेक्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए। मिशन मोड में ट्रांसफॉर्मर लगाकर नए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

> उन्होंने कहा कि आज परिवारों के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि हमारी सरकार दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी उपस्थित रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बताया कि आज मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में किसानों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर उनकी समस्याओं, खेती से जुड़े विषयों और क्षेत्रीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को किसान हित से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने किसान प्रतिनिधियों ने दिल्ली सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद दोबारा शुरू करने, खेतों में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने और किसान हित में लिए जा रहे विभिन्न निर्णयों का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार किसान कल्याण, कृषि सशक्तिकरण और गांवों के समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।




## शहीद करतार सिंह सराभा की जयंती के उपलक्ष में जन कल्याण मंच ने छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**अश्विनी वालिया/ कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 24 मई।** ठंडे पानी की छबील का कार्यक्रम शहीद करतार सिंह सराभा की जयंती के उपलक्ष में श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के चलते आज जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) समाजसेवी संस्था ने महाराणा प्रताप चौक के पास राहगीरों को ठंडा एवं मिठा पानी पिलाने के लिए मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई। छबील का शुभारंभ समाजसेवी महेंद्र शर्मा ने किया तथा जल सेवा का कार्य संस्था के समर्पित एवं निष्ठावान पदाधिकारी दलबीर सिंह मलिक,रमेश दत्त शर्मा, बलदेव सिंह सैनी, जगमोहन बंसल ,रामपाल सरोहा, राजकुमार वालिया, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, गुलशन ग्रोवर , कुलदीप सैनी, के सी वर्मा, स्वतंत्र शर्मा,संजय शर्मा ,शिव किरामच ,पत्रकार कुलवंत बग्गा,हरिदास चनालिया इत्यादि ने किया। भीषण गर्मी के चलते राहगीरों ने मीठा ठंडा पानी पी कर पूरी प्रसन्नता के साथ जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र समाजसेवी संस्था की खूब प्रशंसा करते दिखाई दिए। संस्था के प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर ने कहा कि संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक हर क्षण संस्था के पदाधिकारीयों को साथ लेकर समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में संलग्न रहते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक का कहना है कि भीषण गर्मी में रहगीरों को पानी पिलाना गंगा नहाने से कम नहीं है इसलिए सभी को जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र समाजससेवी संस्था से प्रेरणा लेकर भीषण गर्मी के चलते राहगीरों को पानी पिलाना एवं अपने घरों की छतों पर कसोरों में पानी रखना इत्यादि कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र रजि० हरियाणा समाजसेवी संस्था हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि छबील के व्यवस्था इंचार्ज संजय शर्मा द्वारा की गई तैयारियों की सभी सदस्यों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# तस्वीर से नहीं व्यवहार से इमेज बनाएं : सुनीता सोनी

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 24 मई। लोग जब भी किसी की खूबसूरत सी तस्वीर देखते हैं, तो उस व्यक्ति से प्रभावित हो जाते हैं उस व्यक्ति की खूबसूरती की तरफ खिंचने लगते हैं और सोचते हैं कि 'यह व्यक्ति दिखने में इतना सुंदर है तो हकीकत में कितना अच्छा होगा 'आजकल हर व्यक्ति अपने-अपने मोबाइल फोन से सैकड़ो तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या अन्य किसी भी ऐप पर पोस्ट करता ही रहता हैं जिनमें की कई तरीके के फिल्टर भी दिए गए होते हैं जिन्हें प्रयोग करके वह खूबसूरत तस्वीर अपने फोन में कैद कर लेता हैं जिन्हें देखकर सामने वाला व्यक्ति बहुत जल्दी रीझ जाता हैं और उस व्यक्ति के बारे में अच्छी-अच्छी धारणाएं बनाने लगता हैं जबकि उस व्यक्ति के चरित्र के विषय में उसे पता भी



नहीं होता अगर किसी ने कोई ज्ञानवर्धक पोस्ट डाल दी ,तो लोग उसे ज्ञानी समझते हैं भले ही वह कहीं से भी उठाकर कॉपी पेस्ट की गई होया फिर वह कोई वीडियो हो या तस्वीर हो या रील हो मगर मुझे यह समझ नहीं आता की लोग किसी के भी विषय में ऐसी धारणाएं क्यों बनाते हैं ? उसे देखे बिना, मिले बिना ,जाने बिना अगर कोई व्यक्ति कोई दुख भरा या कोई खुशी भरा गीत गा रहा हैं या अन्य कुछ भी ऐसा जो हंसी मजाक वाला या दुख भरा वीडियो हो वह पोस्ट कर रहा है, तब भी लोग यही समझते हैं कि शायद यह दुखी होगा या खुश होगा उसके विषय में अपने आप ही अलग-अलग धारणाएं बनाने लगते हैं कुछ लोग तो सोशल मीडिया से पैसा कमाने के चक्कर में भी बिना सोचे समझे कोई भी वीडियो बनाकर पोस्ट करते हैं जबकि लोग जानते हैं कि कैमरा सिर्फ तस्वीर खींचता है ,किसी व्यक्ति की असलियत नहीं दिखाता आजकल नौजवानों में तो यह बहुत बड़ी होड सी चल रही है, वह तरह-तरह की फोटो वीडियो रील्स बनाकर डाल रहे हैं बल्कि बड़े उम्रदार लोग भी यही कर रहे हैं मगर क्या इससे उनके किरदार का आंकलन किया जा सकता है ? या उनकी फितरत पहचानी जा सकती है? लोग बनावटी मुस्कान मुस्कुरा कर फोटो खींचते हैं मगर वह अंदर से कैसे है ?यह तो वही व्यक्ति जानता है जो हर वक्त उनके आसपास रहता हैं या जो उन्हें जान परख चुका होता है सरे महफिल खड़े होकर लोग किसी का भी मजाक बना देते हैं और फिर उसी व्यक्ति के साथ फोटो भी खिंचवाकर पोस्ट कर देते हैं सही मायने में देखा जाए तो साथ खड़े व्यक्ति का भी आजकल भरोसा नहीं किया जा सकता कि वह आपके बारे में क्या सोच रहा है लोग इतने चालाक हो गए हैं कि आप उनकी नकली मुस्कुराहट के पीछे की कपटता देख भी नहीं पाते हैं किस व्यक्ति की इमेज किसी अन्य व्यक्ति के दिमाग में कैसी है ?यह तक पहचानना मुमकिन नहीं हैं लोगों की नजर में इमेज बनाने के लिए अपने आप को वास्तविक रूप से बेहतर बनाना होता हैं क्योंकि फोटो में तो सभी अच्छे लगते हैं लेकिन अगर आप किसी का दिल जीतना चाहते हैं ,तो असल में उनके लिए कुछ करके दिखाइऐं शायद इसी वजह से आजकल युवाओं के रिश्ते भी लंबे समय तक नहीं टिक पाते जब जिसे देखो वह नया रिश्ता जोड़ने में लगा रहता ह

## दिल्ली यातायात पुलिस ने गलत दिशा में वाहन चलाने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** सड़क अनुशासन और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिल्ली यातायात पुलिस ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गलत दिशा में वाहन चलाने की खतरनाक और गैरकानूनी प्रथा के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया है। गलत दिशा में वाहन चलाते पाए जाने वाले उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने और चालान जारी करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। गलत दिशा में वाहन चलाना केवल यातायात नियम का उल्लंघन नहीं है; यह एक गंभीर और जानलेवा अपराध है जो निर्दोष सड़क उपयोगकर्ताओं को खतरे में डालता है, आमने-सामने की टक्कर का कारण बनता है, घातक दुर्घटनाओं को जन्म देता है, और यातायात प्रवाह को बुरी तरह बाधित करता है। इस तरह का लापरवाह व्यवहार शहर की सड़कों पर अव्यवस्था के प्रमुख कारणों में से एक बन गया है। इस खतरनाक प्रथा से जुड़े गंभीर जोखिमों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने 22 मई और 23 मई को दिल्ली भर की प्रमुख सड़कों, चौराहों, राजमार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और दुर्घटना संभावित स्थानों पर गहन प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान कुल 1170 एफआईआर दर्ज की गई, 1179 वाहन जब्त किए गए और दोषियों के खिलाफ 12568 चालान जारी किए गए। नागरिकों से आग्रह है कि वे गलत साइड पर गाड़ी चलाकर गैरकानूनी शॉर्टकट न अपनाएं, क्योंकि इससे थोड़े समय का लाभ लंबे समय में नुकसान का कारण बन सकता है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# देश की तरक्की में स्वस्थ युवा ही दे सकता है अपना योगदान:सोहन लाल

हॉकी प्रशिक्षक सोहन लाल ने साइक्लोथॉन को दी हरी झंडी,

साई की तरफ से कॉमनवेल्थ खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया साइक्लोथॉन

» अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 24 मई। हरियाणा खेल विभाग के हॉकी प्रशिक्षक सोहन लाल ने कहा कि देश की तरक्की में युवा पीढ़ी का स्वस्थ होना जरूरी है। इस युवा के साथ ही भविष्य जुड़ा हुआ है। इसलिए देश के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरी है।

हॉकी प्रशिक्षक सोहन लाल भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ रविवार को आयोजित साइक्लोथॉन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस से हॉकी कोच सोहन लाल, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, साइकिलिंग कोच कोमल, समाजसेवी विनोद कुमार, नरेश सैनी ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों ने कई किलोमीटर साइकिल चलाई।

सोहन लाल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के क्षेत्रीय निदेशिका रीतू पथिक आदेशानुसार व सहायक निदेशक विजय मनचंदा के मार्गदर्शन में युवाओं को शामिल कर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन का आयोजन करते हुए एक साल से ज्यादा समय हो चुका है। इस लक्ष्य है कि लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साई की तरफ से निकाली जा रहीं साइक्लोथॉन में हर वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त हॉकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, प्रशिक्षक पूनम शर्मा, प्रशिक्षक सुनील कुमार, बजरंग मंजू, मनोज, सुरेंद्र सिंह राठौर, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान सिंह, नरेश सैनी आदि मौजूद थे।

# कलायत क्षेत्र में खेत से सामान चोरी मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा आरोपी काबू, एक अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद

**रवि जैस्ट/ कलायत।** कलायत क्षेत्र से खेत में बने कोठे से सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरा व बोर का स्टार्टर चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव कैलरम निवासी महेन्द्र सिंह की शिकायत अनुसार 16 अप्रैल की रात को उसके खेत में बने कोठे का ताला खोलकर अज्ञात चोर सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरा तथा बोर का सूखा स्टार्टर चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच थाना सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी राजौंद निवासी राहुल उर्फ चिलू को काबू कर लिया गया। आरोपी को कब्जे से चोरीशुदा सामान बेचकर प्राप्त किए गए 500 रुपए तथा एक चोरीशुदा बाइक बरामद की गई।






# बांसुरी की साधना भगवान कृष्ण से साक्षात्कार करा सकती है उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन

» परमिंदर सिंह

यू टर्न कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 24 मई। हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से आज बांसुरी वादन कार्यशाला के 14 वें दिन मुख्य अतिथिके रूपमें पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के नृत्य विभाग में कार्यरत एवं अंतरराष्ट्रीय प्रख्यात बांसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला में प्रतिदिन प्रतिभागियों को किसी न किसी विद्वत जन के द्वारा आशीर्वाद दिलाया जाता है। सर्वप्रथम भगवद्गीता के स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी की सूक्ष्म उपस्थिति को नमन करते हुए सभी प्रतिभागियों को बांसुरी के महत्त्व को समझाते हुए इस पर 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन को बांसुरी पर बजाना सिखाया। इससे पूर्ण प्रशिक्षार्थियों ने अब से पूर्व बांसुरी पर किए गए अभ्यासों को प्रदर्शन किया व मधुर षड्ज स्वर लगाने के लिए सभी को पूर्णांक देते हुए मुख्य अतिथि ने सभी का उत्साहवर्धन किया। अन्य अभ्यासों में प्रतिभागियों द्वारा गीता ज्ञान संस्थान की प्रार्थना 'हे योगेश्वर, हे परमेश्वर, ऐसी कृपा प्रभु हम सब पे कर' तथा राष्ट्र गान को बांसुरी पर वादन कर अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार ने पिछले 13 दिन से चल रही बांसुरी वादन कार्यशाला की रिपोर्ट को मुख्य अतिथि समक्ष पेश किया गया।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए सभी को बांसुरी वादन कार्यशाला में भाग लेने पर बधाई दी व प्रतिभागियों में आजीवन बांसुरी वादन करने के लिए संकल्प लेने वालों का चयन किया। उनके द्वारा प्रतिभागियों को गुरु के प्रति सदा आदर एवं समर्पण की भावना रखने की प्रेरणा दी गई।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर करवा रहे हैं विकास कार्य : सुभाष सुधा

» परमिंदर सिंह



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर विकास कार्य कर रही है तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पीने का पानी शुद्ध और स्वच्छ होगा तो नागरिकों का स्वास्थ्य बना रहेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वो गांवों में नागरिकों की सुविधाओं के लिए लगातार विकास कार्य करवाते रहेंगे।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बाहरी में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मौजूदा पुरानी एवं खराब एसी/पीवीसी पाइपलाइन को हटाकर उसकी जगह 4744 मीटर नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना पर लगभग 83.34 लाख रुपये की लागत आएगी। पूर्व राज्यमंत्री ने गांव जोगना खेड़ा में भी पेयजल पाइपलाइन के कार्य का शुभारंभ किया गया। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरानी एवं खराब एसी/पीवीसी पाइपलाइन को बदलकर 3507 मीटर डीआई पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 90.15 लाख रुपये होगी। इस योजना के अंतर्गत गांव में लगभग 210 नए कनेक्शन दिए जाएंगे।



# झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कानूनी कार्रवाई : एसपी हिसार

**हरियाणा, यूटर्न/ 24 मई।** पुलिस अधीक्षक हिसार द्वारा जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों एवं जांच अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि पुलिस को दी जाने वाली प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष, गहन एवं तथ्यात्मक जांच स्वयं सुनिश्चित करें तथा जांच के दौरान यदि कोई शिकायत झूठी, मनगढ़ंत, दुर्भावनापूर्ण अथवा किसी व्यक्ति को झूठा फंसाने के उद्देश्य से दी गई पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। एसपी हिसार ने कहा कि कुछ लोग निजी रंजिश, आपसी विवाद, बदले की भावना अथवा दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस को झूठी शिकायतें देकर कानून व्यवस्था एवं पुलिस कार्यप्रणाली का दुरुपयोग करने का प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों के कारण पुलिस का महत्वपूर्ण समय और संसाधन व्यर्थ होते हैं, जिससे वास्तविक पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने में भी बाधा उत्पन्न होती है। हिसार पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से ले रही है और भविष्य में किसी भी व्यक्ति को कानून का दुरुपयोग नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं न्याय दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी एवं निष्पक्षता से कार्य कर रही है, लेकिन यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर झूठी सूचना देकर किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने, बदनाम करने या पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ भी कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# युवा और महिला की बढ़ती भागीदारी से पानीपत जिले में मतदाता संख्या हुई, 9 .66 लाख के पार

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 24 मई। जिला पानीपत में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। 20 मई 2026 तक जारी वर्तमान मतदाता आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 66 हजार 503 तक पहुंच गई है। इनमें 5 लाख 09 हजार 479 पुरुष, 4 लाख 57 हजार 001 महिला तथा 23 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 24-पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 07 हजार 348 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इनमें 1 लाख 62 हजार 383 पुरुष, 1 लाख 44 हजार 956 महिला तथा 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 25-पानीपत सिटी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 47 हजार 850 मतदाता हैं। जिनमें 1 लाख 29 हजार ,927 पुरुष, 1 लाख 17 हजार 913 महिला तथा 10 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार 26-इसराना (एससी) विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 82 हजार 846 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इनमें 96 हजार पुरुष, 86467 महिला तथा 3 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।



इसी कड़ी में 27- समालखा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 28 हजार 459 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 20 हजार 793 पुरुष, 1 लाख 7 हजार 665 महिला तथा 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना बेहद जरूरी है। डॉ. दहिया ने कहा कि जिले में मतदाताओं की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता और विश्वास को दर्शाती है। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई ऊर्जा दे रही है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।' उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन विभाग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कार्य कर रहा है तथा आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

# तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए सीबीएसई की मदद करेगी आईआईटी विशेषज्ञों टीम: धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** हाल के घटनाक्रमों और सीबीएसई के परिणामोत्तर सेवा पोर्टल के संबंध में छात्रों और अभिभावकों द्वारा उठाई गई चिंताओं को देखते हुए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास से प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सहायता के लिए भेजने का निर्देश दिया है ताकि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया त्रुटिरहित हो सके। सीबीएसई के परीक्षोत्तर सेवा पोर्टल में तकनीकी समस्याओं की रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया गया है। आईआईटी मद्रास की विशेषज्ञ टीम सिस्टम और तकनीकी कार्यप्रवाहों में लक्षित तकनीकी सुधार लागू करेगी और विशेष रूप से पोर्टल की स्थिरता और सर्वर के प्रदर्शन की जांच करेगी। टीम समग्र आईटी अवसंरचना की मजबूती का भी आकलन करेगी और लॉगिन प्रमाणीकरण/उपयोगकर्ता पहुंच प्रणाली/भुगतान गेटवे की सटीकता और सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने में सहायता करेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने दोहराया कि छात्रों के हित सर्वोपरि हैं और एक पारदर्शी, कुशल और छात्र-हितैषी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सीबीएसई द्वारा सभी आवश्यक सुधारात्मक उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। इससे पहले राज्यसभा सांसद व सीपीआई(एम) नेता डॉ. जॉन ब्रिटास ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा के मूल्यांकन में गंभीर अनियमितताओं को लेकर एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा।

# युवती को घरेलू सहायिका बनाना पड़ा महंगा: मां-बेटे के खाने में मिलाया नशीला पदार्थ, लाखों के गहने लेकर फरार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में सोसाइटी के गेट पर खड़ी एक युवती को घरेलू सहायिका बनाना एक महिला ज्योतिष को भारी पड़ गया। पीड़िता की पहचान कंचन गर्ग के रूप में हुई है। दो दिन काम करने के बाद युवती ने मां-बेटे को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें बेहोश कर दिया और फिर महिला के पहने हुए लाखों के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। इलाज करवाने के दो दिन बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी युवती की तलाश कर रही है।

> सोसाइटी के गेट पर लड़की को देखा, जो गार्ड से काम की तलाश में बात कर रही थी। उसने अपना नाम रीना बताया। उन्हें घरेलू सहायिका की जरूरत थी। उन्होंने सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक काम करने के लिए प्रतिमाह दस हजार रुपये के वेतन पर उसे काम पर रख लिया।

34 साल की कंचन गर्ग अपने पति अंकुर गर्ग, बेटा कौस्तुभ गर्ग और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सेक्टर 13 रोहिणी के सूर्या अपार्टमेंट में रहती हैं। वह ज्योतिषी हैं। प्रशांत विहार थाने में दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि 16 मई की सुबह 8 बजे वह बाजार से सामान लेकर घर जा रही थी। सोसाइटी के गेट पर लड़की को देखा, जो गार्ड से काम की तलाश में बात कर रही थी। उसने अपना नाम रीना बताया। उन्हें घरेलू सहायिका की जरूरत थी। उन्होंने सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक काम करने के लिए प्रतिमाह दस हजार रुपये के वेतन पर उसे काम पर रख लिया। उनसे उससे आधार कार्ड मांगे, लेकिन वह नहीं दे पाई। 16 मई को उसने पूरे दिन काम किया। अगले दिन वह काम पर नहीं आई। 18 मई की सुबह 7.30 बजे वह फिर आई थी।

## बंधक बनाकर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

दिल्ली के अति सुरक्षित तुगलक रोड में शराब कारोबारी अशोक चावला के परिवार को बंधक बनाकर मारपीट व डकैती डालने वाले एक डकैत निहाल हसन उर्फ संजय को गिरफ्तार किया है। आरोपी तुगलक रोड के डकैती में 20 जघन्य मामलों में शामिल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बुआ की बेटी की शादी में गया परिवार, लाखों के जेवरात चोरी

**खोड़ा, यूटर्न/ 24 मई।** क्षेत्र के संगम पार्क स्थित मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने लाखों के जेवरात और घरेलू गैस सिलिंडर चोरी करके ले गए। आठ मई को वारदात के दौरान परिवार शादी समारोह में गया था। पड़ोसी ने 21 मई को सूचना दी तो घटना का पता चला। पुलिस ने मकान मालिक सूरज की तहरीर पर 22 मई की रात प्राथमिकी दर्ज की। सूरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 मई को वह परिवार के साथ आंबेडकर नगर स्थित बुआ की बेटी की शादी में गए थे। इस दौरान घर की देखरेख का जिम्मा उन्होंने पड़ोसी रिशु को सौंपा था। 21 मई को पड़ोसी ने फोन से घर के ताले टूटने और सामान बिखरे होने की सूचना दी।

### जमीन का सौदा कर 6.70 लाख हड़पे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** मसूरी क्षेत्र में बिकी हुई जमीन का फिर से सौदा कर आरोपियों पर 6.70 लाख रुपये हड़प लिए। इससे पूर्व भी जमीन दो बार भी बेच दी गई है। मसूरी पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यवाहक एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मसूरी की समयपुर कटियार निवासी राहुल के मुताबिक 30 नवंबर 2023 को मसूरी के मोहिद्दीनपुर ढबारसी निवासी अनिता ने अपनी कृषि भूमि बेचने की बात कही। उक्त जमीन का सौदा 8.75 लाख रुपये प्रति बीघा हुआ। अनिता ने सौदा तय करते हुए दो लाख रुपये नकद लिए और रसीद दे गई। आरप है कि इसके बाद चार लाख और पफर 70 हजार रुपये ले लिए। जब तहसील जाकर जांच की तो पता चला कि उक्त जमीन को अनिता पहले ही बेच चुकी है।

### अधिकारी बनने का सपना रहा अधूरा, एक माह की नौकरी भी नहीं हो पाई पूरी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** टीलामोड़ के पसौंडा निवासी सिपाही रितिक की नौकरी का एक माह भी पूरा नहीं कर पाए और सड़क हादसे में उनकी जान चली गई। अप्रैल माह में पासिंग आउट परेड होने के बाद उन्हें फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में पहली तैनाती मिली थी। मौत के बाद से परिवार पूरी तरह टूट गया है। वह परिवार में सबसे छोटे और इकलौते सरकारी कर्मचारी थे। 23 मई की शाम करहेड़ा स्थित श्मशान घाट पर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

# फर्नीचर मार्केट में धू-धूकर जलीं 700 दुकानें: शास्त्री पार्क में लगी आग, भीड़ ने दमकल की गाड़ी पर किया पथराव



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क स्थित फर्नीचर मार्केट में शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने लगभग पूरी मार्केट को अपनी चपेट में ले लिया और करीब 800 में से 700 दुकानें जल गईं। आग की लपटें देख हाहाकार मच गया। कारोबारी भागे-भागे मार्केट पहुंचे। आरोप है कि बार-बार कॉल करने के बाद भी दमकल की गाड़ियां नहीं पहुंचीं। करीब एक घंटे बाद जब दमकल की गाड़ियां आनी शुरू हुईं तो लोगों को गुस्सा फूट पड़ा।

गुस्साई भीड़ ने दमकल की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिससे उसके शीशे टूट गए। हालात बेकाबू होते देखकर मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। दमकल की 40 गाड़ियां लगभग पूरी रात आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। तड़के किसी तरह आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ अलबत्ता करोड़ों रुपये का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। स्थानीय कारोबारियों ने आरोप लगाया कि परेशान करने के लिए उनकी मार्केट में जानबूझकर किसी ने आग लगाई। ईद से पहले हुए हादसे ने हजारों परिवारों का रोजगार छीन लिया। शनिवार को क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आग लगने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। आग की वजहों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मामले की छानबीन की जा रही है। कारोबारियों के बयान दर्ज हो रहे हैं। डिप्टी फायर चीफ एके मलिक ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.57 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि शास्त्री पार्क के फर्नीचर मार्केट में आग लग गई है। सूचना मिलते ही तुरंत आसपास के दमकल केंद्रों से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। मार्केट में चूंकि लगभग पूरा ही ज्वलनशील सामान था, इसकी वजह से आग तेजी से फैली। कुछ लोगों ने पथराव कर दमकल की एक गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने लोगों को वहां से हटाया। सुबह तक आग बुझाने का काम जारी रहा।

## एक घंटे बाद आई महज दो गाड़ियां, उनका भी पानी खत्म हो गया

शास्त्री पार्क फर्नीचर मार्केट में आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। मार्केट में मौजूद लोगों ने अपना-अपना सामान निकालने की खूब कोशिश की। आरोप है कि करीब एक घंटे बाद दमकल की दो गाड़ियां वहां पहुंचीं। उनका भी चंद ही मिनटों में पानी खत्म हो गया।



# 48 घंटे में 1 करोड़ की हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा, एक दबोचा; सोना-चांदी, हीरे के गहने और नकदी बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

दक्षिण दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटों के भीतर ग्रेटर कैलाश में हुई 1 करोड़ रुपये की हाई-प्रोफाइल चोरी के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी किए गए सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ 3.57 लाख नकद भी बरामद किए हैं।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 20 मई को ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने में पम्पोश एन्क्लेव में हुई एक बड़ी चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिन के समय घर बंद था और रात में लौटने पर ताले टूटे हुए पाए गए और लगभग 1 करोड़ के सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ 6.5 लाख नकद भी चोरी हो गए थे। इसके तुरंत बाद ग्रेटर कैलाश पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले की जांच के लिए दो विशेष टीमें गठित की गई।

दोनों टीमों ने तकनीकी निगरानी स्थानीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण का इस्तेमाल करते हुए एक सघन जांच शुरू की। 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और आरोपी की लगभग 10 किलोमीटर तक की आवाजाही को ट्रैक किया गया।

खुफिया सूचना के आधार पर 22 मई को एक छापा मारा गया और आरोपी सांवरा गुर्जर उर्फ सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया। गहन पूछताछ के दौरान उसने अपराध करने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने, हीरे के आभूषणों और नकदी की भारी मात्रा में बरामदगी की गई।

# संजय झील में पानी की सप्लाई न होने से मछलियों की मौत, रखरखाव का जिम्मा दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

पूर्वी दिल्ली की संजय झील में पानी का स्तर काफी कम होने से सैकड़ों मछलियों की मौत हो गई। इसका मुख्य कारण झील में पानी की सप्लाई बाधित होने को माना जा रहा है। संजय झील में पानी की सप्लाई दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा की जाती है।



झील का रखरखाव दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) करता है। डीडीए ने जारी बयान में कहा कि झील में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए ट्रीटेड पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी सरकारी जल एजेंसी को दी गई थी। डीडीए के अनुसार, पास स्थित कोंडली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से संजय झील तक ट्रीटेड पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी। डीजेबी के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाइपलाइन में खराबी आने और बाद में मरम्मत कार्य के कारण झील तक पानी की सप्लाई प्रभावित हुई। अधिकारी के अनुसार, पिछले करीब चार महीने से झील में ट्रीटेड पानी नहीं पहुंच पाया है। अधिकारी ने कहा कि करीब चार महीने पहले झील तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन खराब हो गई थी। उस समय तापमान ज्यादा नहीं था, इसलिए स्थिति ठीक रही, लेकिन अब भीषण गर्मी के कारण झील सूखने लगी है। यह झील पिछली सरकार के सिटी ऑफ लेक्स कार्यक्रम का हिस्सा रही है। वर्ष 2024 से डीडीए, डीजेबी और अन्य एजेंसियों ने मिलकर झील के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण का काम किया था।

पानी को झील तक पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए : डीडीए ने कहा कि बारिश के पानी को झील तक पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

# सड़कों पर धूल-धुएं को रोकेंगे एयर प्यूरीफायर: सीएम ने अल्ट्रा-मॉडर्न प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों का किया निरीक्षण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

सड़कों पर देसी तकनीक के इस्तेमाल से हवा में फैले धुएं, धूल और जहरीले कणों को खत्म किया जाएगा। शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में लगाए गए तीन आधुनिक एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम का ग्राउंड निरीक्षण किया और कहा कि अब प्रदूषण के खिलाफ सरकार सालभर मिशन मोड में काम करेगी। निरीक्षण के दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने रामा रोड स्थित सत गुरु राम सिंह मार्ग पर लगाए गए एसटीआर-101 फिल्टर रहित एयर प्यूरीफायर सिस्टम का निरीक्षण किया। सड़क के बीचों-बीच बिजली के खंभों पर इसकी 21 डिवाइस लगाई गई हैं। यह सिस्टम हवा में मौजूद पीएम 1, पीएम 2.5, पीएम 10, धूल, धुआं और कार्बन कणों को कम करने के लिए तैयार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी हाई-फ्रीक्वेंसी चिप तकनीक बैक्टीरिया और वायरस को भी निष्क्रिय करने में सक्षम है। यह प्रणाली प्रति घंटे करीब तीन लाख लीटर हवा को प्रोसेस कर सकती है। इसमें किसी पारंपरिक फिल्टर की जरूरत नहीं पड़ती। यह पूरी तरह ऑटो-क्लीनिंग और कम रखरखाव वाली तकनीक है, जिसमें आईओटी आधारित लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम भी लागू है।




## सीएम बोलीं- अब पूरे साल प्रदूषण से लड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदूषण के खिलाफ अभियान केवल सर्दियों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार पूरे साल तकनीक, रिसर्च और इनोवेशन से समाधान पर काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत विकसित स्वदेशी तकनीकें पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं। दिल्ली सरकार ऐसी तकनीकों को बड़े स्तर पर अपना रही है।

**ईवी एंटी स्मॉग गन बिल्कुल नई तकनीक:** मुख्यमंत्री ने कीर्ति नगर से मायापुरी मार्ग पर लगी देश की पहली ईवी एंटी स्मॉग गन के काम को देखा। यह मोबाइल और जीरो एमिशन सिस्टम जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इलाकों में इस्तेमाल हो सकती है। यह हाई प्रेशर पंप और हाई स्पीड फैन की मदद से बेहद महीन जल कणों का छिड़काव करती है, जिससे हवा में मौजूद धूल और प्रदूषक नीचे बैठ जाते हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह तकनीक क्लीन एयर कॉरिडोर बनाती है, जिससे ट्रैफिक वाले इलाकों में दृश्यता और वायु गुणवत्ता दोनों बेहतर होंगी।

## धुएं को स्रोत पर ही साफ करेगी डिवाइस

निरीक्षण करते हुए तीसरा पड़ाव कीर्ति नगर फायर स्टेशन के पास लगाया गया पवन-3 रोडसाइड एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस रहा। यह तकनीक खास तौर पर वाहनों से निकलने वाले धुएं को स्रोत स्तर पर पकड़ने के लिए तैयार की गई है। सड़क किनारे डिवाइडर पर लगाए गए इस सिस्टम में प्रदूषित हवा को शक्तिशाली सक्शन तकनीक से खींचकर कई स्तरों पर साफ किया जाता है और शुद्ध हवा वापस वातावरण में छोड़ी जाती है।

# अप्रैल में टाटा पंच का दबदबा हुंडई वेन्यू ने मारी लंबी छलांग



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** अप्रैल 2026 में देश के सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में असाधारण बिक्री दर्ज की गई, जिसमें टाटा मोटर्स की पंच ने एक बार फिर सबसे ज्यादा बिक्री के साथ अपनी बादशाहत कायम रखी। वहीं, हुंडई वेन्यू ने पिछले साल की तुलना में सबसे तेज सालाना वृद्धि दर्ज कर सबको चौंका दिया। इस दौरान कई प्रमुख एसयूवी मॉडल्स ने 30 से 50 प्रतिशत तक की मजबूत वृद्धि हासिल की, जो भारतीय बाजार में एसयूवी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। टाटा पंच ने अप्रैल 2026 में कुल 19,107 यूनिट्स की बिक्री के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। पिछले साल के मुकाबले इसकी बिक्री में लगभग 53 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी हुई, जिसका श्रेय इसके इलेक्ट्रिक वेरिएंट की बढ़ती मांग और आकर्षक फीचर्स को दिया जा रहा है। दूसरे पायदान पर मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स रही, जिसकी 18,829 यूनिट्स बिकीं और इसने 31 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हासिल की। इसका आकर्षक डिजाइन, बेहतर माइलेज और कम रखरखाव लागत ग्राहकों को खूब पसंद आ रहा है। तीसरे नंबर पर टाटा नेक्सन रही, जिसने 18,126 यूनिट्स की बिक्री की। इसकी पांच-स्टार सेफ्टी रेटिंग और इलेक्ट्रिक वेरिएंट की लोकप्रियता ने इसे बाजार में एक मजबूत स्थिति प्रदान की है। वहीं, मारुति ब्रेजा 14,124 यूनिट्स की बिक्री के साथ चौथे स्थान पर रही, हालांकि इसकी बिक्री में गिरावट दर्ज की गई।

# शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप बीते हफ्ते 74,111 करोड़ रुपए बढ़ा

» **मुंबई, यूटर्न/ 24 मई।**



देश की शीर्ष 10 सबसे अधिक बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों में से छह के मार्केटकैप में बीते हफ्ते 74,111.57 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे अधिक फायदा आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो (एडएंडटी) को हुआ है। बीते हफ्ते, सेंसेक्स 177 अंक या 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 75,415 और निफ्टी 75 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,719 पर बंद हुआ।

18-22 मई के सत्र के दौरान, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के मार्केट कैप में कमी देखने को मिली है।

टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 19,338.68 करोड़ रुपए बढ़कर 8,38,401.33 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,515.93 करोड़ रुपए बढ़कर 9,06,901.32 करोड़ रुपए हो गया।

एलआईसी का बाजार पूंजीकरण इस सप्ताह 9,076.37 करोड़ रुपए बढ़कर 5,14,443.69 करोड़ रुपए हो गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में भी 3,797.83 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 5,70,515.57 करोड़ रुपए हो गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का बाजार पूंजीकरण 2,685.87 करोड़ रुपए बढ़कर 5,40,228.21 करोड़ रुपए हो गया है।

दूसरी तरफ, भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई, जो 20,229.67 करोड़ रुपए घटकर 11,40,295.49 करोड़ रुपए रह गया।

हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 16,212.18 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह घटकर 5,17,380 करोड़ रुपए रह गया, जबकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाजार पूंजीकरण में 12,784.4 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह कम होकर 8,76,077.92 करोड़ रुपए पर आ गया।

एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में भी 2,094.35 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह घटकर 11,79,974.90 करोड़ रुपए पर आ गया।

सबसे मूल्यवान कंपनियों की रैंकिंग में एचडीएफसी बैंक शीर्ष कंपनियों में बना रहा, इसके बाद भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# आरबीआई की रिपोर्ट ने कच्चे तेल की चुनौती के बीच थोक कीमतों में तेज उछाल पर चेताया

**कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें बाहरी क्षेत्र के लिए बन सकती हैं खतरा, महंगाई पर कड़ी नजर की जरूरत**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी नवीनतम मासिक रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी बढ़ोतरी को भारतीय अर्थव्यवस्था के बाहरी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में रेखांकित किया है। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति दर भले ही अभी निर्धारित दायरे में हो, लेकिन तेल की बढ़ती कीमतों के घरेलू प्रभाव पर लगातार नजर रखना आवश्यक है। हालांकि भारत ने इस चरण में वृहद आर्थिक मजबूती के साथ प्रवेश किया है और घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य चालक बनी हुई है, लेकिन आपूर्ति-पक्ष के दबाव के कारण निकट-अवधि का परिदृश्य कुछ हद तक धुंधला नजर आ रहा है। यह चुनौती बाहरी मोर्चे पर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां वित्तीय हालात, कच्चे तेल की कीमतें और पूंजी का प्रवाह देश के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत ने इस चरण में वृहद आर्थिक मजबूती के साथ प्रवेश किया है, जिसमें घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य चालक बनी हुई है।



हालांकि, आपूर्ति-पक्ष के दबाव के कारण निकट-अवधि का आर्थिक परिदृश्य कुछ हद तक धुंधला नजर आ रहा है। अप्रैल में कुछ आर्थिक संकेतकों में गिरावट के बावजूद, कुल मिलाकर आर्थिक गतिविधियों में मजबूती बनी रही। यह संकेत देता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों का सामना करने में सक्षम है, लेकिन सतर्कता जरूरी है।

कच्चे तेल का बढ़ता बोझः ब्रेंट क्रूड की कीमतें घटकर 100.71 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं, लेकिन यह अभी भी फरवरी के अंत में पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने से पहले के स्तर से करीब 36.3 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि वित्तीय हालात, कच्चे तेल की कीमतें और पूंजी का प्रवाह बाहरी क्षेत्र के लिए लगातार चुनौतियां बने हुए हैं।

# अदाणी समूह का बुरा दौर खत्म

## बर्नस्टीन ने कहा, बुनियादी ढांचे में दबदबा और मजबूत

**बर्नस्टीन को उम्मीद: अमेरिकी कानूनी बाधाएं हटने से बढ़ेगा निवेशकों का भरोसा**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन का मानना है कि अदाणी समूह के लिए अब सबसे बुरा दौर शायद खत्म हो गया है। हाल ही में अमेरिका से जुड़े कानूनी मामलों के सुलझने के बाद समूह के सामने कर्ज, शेयरों को गिरवी रखने और विदेश से वित्त तक पहुंच संबंधी चिंताएं काफी हद तक कम हो गई हैं।

इंडिया इन्फ्रा : अदाणी समूह झ द 'हार्ड-बैंक' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में बर्नस्टीन ने कहा है कि इन बाधाओं के दूर होने से वैश्विक निवेशकों का समूह के प्रति भरोसा बहाल होने की उम्मीद है। बर्नस्टीन के अनुसार पिछले चार वर्षों में अदाणी समूह को दो बड़े झटकों का सामना करना पड़ा, जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट और नवंबर 2024 से अमेरिका के प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (सेक) तथा अमेरिकी न्याय विभाग से संबंधित घटनाएं। इन दोनों वजहों से अदाणी के शेयरों और बॉन्ड में भारी गिरावट आई थी। हालांकि, अमेरिकी अभियोजकों द्वारा आरोपों को वापस लेने और सेक मामले के निपटने से अब एक अहम चिंता दूर हो गई है। ब्रोकरेज ने बताया कि अमेरिकी कार्यवाही के संबंध में स्पष्टता का इंतजार करते हुए कई वैश्विक फंड समूह से दूर रहे, जिसके परिणामस्वरूप अदाणी समूह के ज्यादातर शेयर कम मांग वाले बने रहे।

अब इन कानूनी मामलों में स्पष्टता आने से वैश्विक फंडों की वापसी की संभावना बढ़ गई है, जिससे समूह के शेयरों की मांग में सुधार हो सकता है। बर्नस्टीन ने जोर दिया कि कई संकटों के बावजूद समूह की





क्रियान्वयन क्षमता और बुनियादी ढांचे के कारोबारों में उसकी दबदबा मुख्य ताकत बनी हुई है, जिस पर कभी गंभीर रूप से सवाल नहीं उठाया गया।

**रिपोर्ट में समूह के तीन संरचनात्मक फायदों का उल्लेख किया गया है**

1. सही स्थान पर बड़े भूखंडों तक पहुंच (उदाहरण के तौर पर अदाणी ग्रीन का 2,50,000 एकड़ का नवीकरणीय भूमि बैंक)।
2. सरकार कारोबारों से बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की क्षमता (उदाहरण के तौर पर अदाणी पोर्ट्स का कंटेनर यातायात में दबदबा)।
3. बड़े स्तर की परियोजनाओं को पूरा करने की दक्षता।

ऋण प्रबंधन और वित्तीय स्थितिः कर्ज के संबंध में बर्नस्टीन ने स्वीकार किया कि अदाणी ग्रीन और अदाणी एंटरप्राइजेज जैसे कारोबारों में जोरदार पूंजीगत व्यय के कारण सितंबर 2024 तक समूह का शुद्ध ऋण लगभग 1 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। हालांकि, इस बढ़ोतरी के साथ ही जोरदार आय वृद्धि भी हुई है, जिससे समूह का एबिटा वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 26 के बीच 22 प्रतिशत की सालाना चक्रवृद्धि दर से बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कपास आयात शुल्क हटाने पर सरकार गंभीर

**कपड़ा उद्योग को मिल सकती है राहत**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** कच्चे कपास के आयात पर लगने वाले 11 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटाने की मांग पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में विभिन्न मंत्रालयों के बीच परामर्श अंतिम चरण में है, जिससे घरेलू कपड़ा उद्योग को बढ़ती लागत के बोझ से राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि वित्त मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और कृषि मंत्रालय इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर गहन चर्चा कर रहे हैं। घरेलू कपड़ा उद्योग लंबे समय से आयात शुल्क हटाने की मांग कर रहा है ताकि कपास की बढ़ती कीमतों से उद्योग पर बढ़ रहे लागत के बोझ को कम किया जा सके। अधिकारी ने संकेत दिया कि परामर्श प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है और निकट भविष्य में इस पर अंतिम निर्णय होने की प्रबल संभावना है। हाल ही में परिधान उद्योग और निर्यातकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर इस शुल्क को हटाने की जोरदार मांग उठाई थी। उद्योग के अनुसार चालू वर्ष में कपास की अनुमानित आवश्यकता लगभग 337 लाख गांठ (एक गांठ 170 किलोग्राम) है, जबकि 2025-26 सत्र में आवक केवल 292.15 लाख गांठ रहने का अनुमान है। यह लगभग 45 लाख गांठ का बड़ा मांग-आपूर्ति अंतर पैदा कर रहा है, जिससे स्पिनिंग मिलों और अन्य कपड़ा निर्माताओं पर दबाव बढ़ रहा है और उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल की उपलब्धता सीमित होने के कारण उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है।

### पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी, कुछ शहरों में गिरावट

**महानगरों में स्थिरता ग्लोबल उतार-चढ़ाव के बीच चेन्नई में महंगा हुआ तेल**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।** सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। ग्लोबल मार्केट में जारी उतार-चढ़ाव और देश के टैक्स स्ट्रक्चर के बीच आम उपभोक्ताओं को मिला-जुला अनुभव मिला है। जहां दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में कीमतें पूरी तरह स्थिर बनी हुई हैं, वहीं पटना, नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। दूसरी ओर चेन्नई में तेल थोड़ा महंगा हुआ है। देश के चार बड़े महानगरों दिल्ली में पेट्रोल 99.51 प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपए प्रति लीटर के पुराने भाव पर ही मिल रहा है।

# सरकार ने सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर के सत्यापन का दायरा बढ़ाया, नई शुल्क लागू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

कार्यक्षमता को बेहतर बनाने और स्वच्छ ईंधन के बढ़ते इस्तेमाल को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि उसने 'लीगल मेट्रोलॉजी (सरकार द्वारा अनुमोदित परीक्षण केंद्र) नियम, 2013' में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य भारत के लीगल मेट्रोलॉजी इकोसिस्टम को और मजबूत करना तथा देश में वजन और माप के सत्यापन संबंधी बुनियादी ढांचे का विस्तार करना है। इस संशोधन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें सरकारी-



अनुमोदित परीक्षण केंद्रों (जीएटीसी) के दायरे का विस्तार किया गया है, ताकि अतिरिक्त ईंधन वितरण प्रणालियों के सत्यापन और पुनः सत्यापन को भी इसमें शामिल किया जा सके। उम्मीद है कि इस कदम से सत्यापन सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। इन संशोधनों के तहत राज्य सरकारों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने-अपने नियमों के अनुसार जीएटीसी के माध्यम से सत्यापन के लिए वजन और माप की अतिरिक्त श्रेणियों को अधिसूचित कर सकें।

पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर के सत्यापन के लिए शुल्क 5 हजार रुपए प्रति नोजल निर्धारित किया गया है, जबकि सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर के लिए यह शुल्क 10 हजार रुपए प्रति नोजल तय किया गया है।

संशोधित नियमों के तहत उन उपकरणों की सूची में डिस्पेंसिंग सिस्टम की पांच श्रेणियां जोड़ी गई हैं, जिनका सत्यापन जीएटीसी द्वारा किया जा सकेगा। इनमें पेट्रोल/डीजल डिस्पेंसर, सीएनजी डिस्पेंसर, एलपीजी डिस्पेंसर, एलएनजी डिस्पेंसर और हाइड्रोजन डिस्पेंसर शामिल हैं।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक बयान में कहा कि इन उपकरणों को शामिल किए जाने के बाद जीएटीसी अब 'लीगल मेट्रोलॉजी' (वैधानिक माप-तौल) ढांचे के तहत वजन और माप की कुल 23 श्रेणियों का सत्यापन और पुनः सत्यापन कर सकेंगे।

# दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में 10 महीने की बच्ची का घर से अपहरण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**



दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में रविवार तड़के एक 10 महीने की बच्ची को उसके घर से अगवा कर लिया गया। यह घटना मुकुंदपुर की लेन नंबर 9 में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 5 बजे हुई, जब बच्चे के पिता कुछ देर के लिए पास की एक दुकान पर गए थे। उस दौरान घर का मुख्य दरवाजा खुला रह गया था। जब वह घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के अंदर से बच्ची गायब थी। घटना के समय बच्ची की मां और बड़ी बेटी एक ही कमरे में साथ सो रही थीं। घर के अंदर से बच्ची के अचानक गायब हो जाने से पूरे इलाके में दहशत और चिंता फैल गई है। जब पति घर लौटे तो उन्होंने बच्ची की मां और बड़ी बेटी को बेहोश पाया। आईएएनएस से बात करते हुए बच्ची की मां ने कहा कि मेरे पति दूध लेने गए थे और मेरी बड़ी बेटी, जिसे बुखार था, उसने मुझसे अपने साथ वॉशरूम चलने के लिए कहा। वॉशरूम से आने के बाद हम वापस सो गए। जब मेरे पति वापस आए, तो उन्होंने हमें बेहोश पाया। फिर उन्होंने हमें जगाने की कोशिश की और पूछा कि बच्ची कहां है। तब हमें पता चला कि वह गायब है। उन्होंने कहा कि हमने हर जगह तलाशा। मेरी सास पास में ही रहती हैं। हम वहां भी देखने गए, लेकिन मेरी सास ने कहा कि उन्होंने उसे नहीं देखा है। वह अभी सिर्फ 10 महीने की है। मुझे नहीं पता कि उसे कौन ले गया। वह सुबह से ही गायब है।

सुबह-सुबह बच्ची को दूध पिलाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक निप्पल घर के बाहर पड़ा मिला, जिससे इस घटना को लेकर चिंता और भी बढ़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरडब्ल्यूए ने सिटी बस सेवा शुरू कराने के लिए पार्षद को लिखा पत्र

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 मई।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र मानेसर और पटौदी रोड क्षेत्र से जुड़े ग्रामीणों व कामकाजी लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन समस्या बनी हुई है। सार्वजनिक परिवहन की समस्या को लेकर सरस्वती एन्क्लेव के आरडब्ल्यूए ने स्थानीय निगम पार्षद को पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि गुरुग्राम बस स्टैंड से पटौदी रोड होते हुए वजीरपुर गांव तक सिटी बस सेवा शुरू कराई जाए। आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष रणवीर अत्री का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर और टूटा हुआ था और परिवहन सुविधा भी काफी कम ही थी। हालांकि लंबे इंतजार के बाद अब इस सड़क का पैच वर्क पूरा हो चुका है। उसके बावजूद इस रूट पर सिटी बसों का संचालन शुरू नहीं किया गया है।

### नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 मई।** गुड़गांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (जीआईए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी वेस्ट करण गोयल से मुलाकात कर उन्हें आईपीएस पद पर पदोन्नति की बधाई दी। इस दौरान जीआईए सदस्यों ने उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में जीआईए अध्यक्ष सुमित राव ने शहर में बढ़ रही जेबकतरी और चैन स्नैचिंग की घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है। निवर्तमान अध्यक्ष जे एन मंगला ने रात के समय महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। साथ ही कमला नेहरू पार्क में दो सुरक्षा कर्मी तैनात करने का सुझाव दिया ताकि असामाजिक तत्वों पर रोक लगाई जा सके।

# मामा बना हैवान: बहन और 13 वर्षीय भांजे की चाकू से बेरहमी से हत्या

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**



मम्मी को मत मारो मामा... और वह चाकू से गोदता रहा। जिस बहन ने उसे कुछ देर पहले प्यार से चाय पिलाई व बिस्कुट खिलाए... उस कलयुगी भाई को बिल्कुल भी रहम नहीं आया। 13 वर्ष के खुशहाल ने मामा के पैर पकड़ लिए और वह चिल्लाता रहा मामा मम्मी को मत मारो। आरोपी मामा सौरभ साहू बहन शारदा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करता रहा। जब शारदा निढाल हो गई तो आरोपी ने मासूम भांजे खुशहाल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया।

आरोपी ने दोनों को 15 से 18 वार से ज्यादा चाकू मारे। ये दर्दनाक कहानी गोविंदपुरी में दो दिन पहले हुए दोहरे हत्याकांड की है। पूछताछ के बाद दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ हेमंत तिवारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने शारदा व खुशहाल की हत्या के आरोप में शारदा के चचेरे भाई सौरभ को गिरफ्तार किया है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि आरोपी सौरभ को पता था कि पीड़ित विष्णु का अच्छा व्यवसाय है और उसने 10 लाख रुपये की दो कमेटी उठाई हैं। वारदात वाले दिन वह करीब पौने आठ बजे अपनी बहन के घर पहुंचा था। वह नौ व दस नंबर गली के बीच में से पीड़ित के घर गया था। मृतका शारदा ने गेट खोला। शारदा ने उसे चाय व बिस्कुट खिलाए। इसके बाद आरोपी शारदा से दो लाख रुपये मांगने लगा और कहा कि उसे फल का व्यवसाय शुरू करना है। शारदा ने कहा कि वह उसके नशे के लिए पैसे नहीं देगी।

## शारदा ने कहा था, काम-धंधा करो नहीं तो शादी नहीं होगी

इससे पहले भी शारदा उसे ताना दे चुकी थी कि नशा करता है, कुछ काम धंधा नहीं करता। कोई लड़की तेरे से शादी नहीं करेगी। शादी हो जाती तो अब तक बच्चे हो जाते। उसने कई बार पैसे मांगे, जब मृतका ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपी आग बबूला हो गया और उसने शारदा पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया।

बेटे खुशहाल ने आरोपी से मां को न मारने की गुहार लगाई, मगर आरोपी को दिल नहीं पसीजा। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मृतका हमेशा उसे उसके भले के लिए डांटती रहती थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी करीब 8 बजकर 23 मिनट पीड़ित के घर से निकला। वह 10 नंबर गली से गोविंदपुरी से बाहर निकाला था। वह चाकू साथ लेकर आया था। सीसीटीवी कैमरों में उसकी फोटो कैद हो गई थी। पुलिस ने जब आरोपी की फोटो पीड़ित विष्णु को दिखाई तो उसने आरोपी को पहचान लिया था। महिला के चेचरे भाई ने की थी मां-बेटे की हत्या, मुठभेड़ में गिरफ्तार दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने गोविंदपुरी में मां शारदा साहू (38) और बेटा खुशहाल (13) की हत्या की गुत्थी को 72 घंटे में सुलझा लिया गया है। मृतका शारदा के चचेरे भाई सौरभ साहू ने दोनों की हत्या की थी। जिला पुलिस ने मुठभेड़ के बाद सौरभ साहू को शनिवार तड़के तुगलकाबाद एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया है। उसे पैर में गोली लगी है।

# ठगों को खाता मुहैया कराने वाला जयपुर से धरा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** फोन हैक कर 93 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने राजस्थान के जयपुर से खाताधारक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान योगेंद्र कुमार मीणा (28) निवासी जयपुर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि योगेंद्र खाताधारक है और उसने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को दिया था। ठगी की सारी राशि इसी खाते में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी बीए पास है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने मामले में साइबर थाना में शिकायत दी थी।

# सेक्टर-10 हाउसिंग बोर्ड में सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** सेक्टर-10 हाउसिंग बोर्ड में सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या से स्थानीय निवासी लंबे समय से परेशान हैं। मकान नंबर 573 से लेकर 622 तक के इलाके में हर 10 से 15 दिन में सीवर भर जाता है, जिससे गंदा पानी गलियों और घरों के बाहर फैल जाता है। इसके साथ ही लगातार फैल रही दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। वहीं बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। आरडब्ल्यूए प्रधान शिव कुमार ने बताया कि नगर निगम में इसको लेकर कई बार शिकायत की गई है लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। शिकायत दर्ज कराने के 10 से 15 दिन बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं और मशीन से सफाई कराने की बात कहकर लौट जाते हैं। इसके बाद भी कई दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं होती है। जब कभी सफाई होती भी है तो कुछ ही दिनों में सीवर फिर से जाम हो जाता है।निवासी योगेश, जावेद, कुणाल और योगेश अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि सीवर का गंदा पानी लगातार गलियों में बहता रहता है। लोगों ने बताया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक राहत नहीं मिली है। निवासियों ने बताया कि क्षेत्र के लोग लगातार परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इलाका कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की विधानसभा में आता है। इसके बावजूद लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाइन की मशीनों से सफाई कराकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# किडनी रोग उपचार में नई दवा पर विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-86 स्थित एक निजी अस्पताल की ओर से शुक्रवार शाम एक होटल में किडनी रोगों के उपचार में नई चिकित्सा तकनीकों और दवाओं को लेकर वैज्ञानिक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजिस्ट और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लेकर किडनी रोगियों के इलाज में नई संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने की। विशेषज्ञों ने किडनी रोग और उससे जुड़ी जटिलताओं के इलाज में नई दवा की उपयोगिता, प्रभाव और मरीजों को होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के बढ़ते मामलों के कारण किडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. वीके उपाध्याय ने किडनी रोग के उपचार में हो रहे नए शोध और उपचार पद्धतियों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सवाल-जवाब सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने विभिन्न चिकित्सा पहलुओं पर चर्चा की।

# कंटेनर वार्डों में गर्मी से तड़प रहे मरीज, एक महीने बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मई।**



जिला नागरिक अस्पताल के कंटेनर वार्डों में भर्ती मरीजों को इलाज से ज्यादा भीषण गर्मी और बदहाल व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना काल में इमरजेंसी व्यवस्था के तहत अस्पताल परिसर के पीछे बनाए गए कंटेनर वार्ड अब अव्यवस्थाओं का केंद्र बन चुके हैं। वार्डों में लगे एसी लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिसके कारण टीन शेड वाले कमरों में दिनभर असहनीय गर्मी बनी रहती है।

खास बात यह है कि पिछले महीने भी मरीजों और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर खींचा था। उस समय व्यवस्थाएं सुधारने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उल्टा गर्मी बढ़ने के साथ मरीजों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। मरीजों के परिजनों का कहना है कि वार्डों में एसी तो लगे हुए हैं, लेकिन एक भी काम नहीं कर रहा। दोपहर के समय कमरे भट्टी की तरह तपते हैं, जिसके चलते मरीज दिनभर पेड़ों के नीचे बैठने को मजबूर हैं। कई मरीज रात में भी ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। कुछ लोग मजबूरी में शाम को घर चले जाते हैं और सुबह दोबारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं।

## डॉक्टरों के कमरे ठंडे, मरीजों के वार्ड गर्म

परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों और स्टाफ के कमरों में एसी चल रहे हैं, लेकिन मरीजों के वार्डों की कोई सुध नहीं ली जा रही। वार्डों के शौचालयों की हालत भी खराब बनी हुई है। गंदगी और बदबू के कारण मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पीने के पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है। अस्पताल में लगे वाटर कूलर से गर्म और खारा पानी आने की शिकायत है।

# 22 लाख के गहने लूटने के आरोप में 6 गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** ऑनलाइन ऑर्डर के बहाने ज्वेलरी कंपनी के कर्मचारी को घर बुलाकर करीब 22 लाख रुपये के गहने लूटने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। विजयनगर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 18 लाख रुपये के सोने के गहने व अन्य वस्तुएं बरामद की गई हैं। पांच आरोपी संभल और एक मुरादाबाद जिले का रहने वाला है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के अनुसार, 16 मई 2026 को दिल्ली की ज्वेलरी कंपनी कैरेटलेन टाटा प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सलाहकार विनीत गुप्ता विजयनगर थाने पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि कंपनी सोने-चांदी के जेवर ऑनलाइन बुक करती है। ऑर्डर मिलने पर ग्राहक के पते पर आपूर्ति कर दी जाती है। इसी कड़ी में 16 मई को विजयनगर के एक पते से ऑनलाइन बुकिंग की गई।

# वाह रे सिस्टम 100 रुपये के नोटेरी कागज पर 15 करोड़ रुपये साल का ठेका

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** सरकारी संपत्तियों को बचाने से लेकर अन्य मुद्दों पर संजीदगी दिखाने का दावा करने वाला नगर निगम खुद सवालों के घेरे में है। आरोप है कि निगम ने 247 मीडिया को करीब 15 करोड़ रुपये सालाना का विज्ञापन ठेका महज 100 रुपये के नोटरी कागज पर सौंप दिया। इतना ही नहीं, बिना कार्यकारिणी की बैठक के ही निगम क्षेत्र के विस्तार का काम भी उसी ठेकेदार को दे दिया गया। अब इस पूरे मामले में निगम की कार्यप्रणाली, नियमों की अनदेखी और ठेकेदार पर मेहरबानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बीती 16 मई को हुई बोर्ड बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और सदस्य राजीव शर्मा ने इस पर तीखे सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा था कि बिना कार्यकारिणी की बैठक के ठेकेदार को इतना बड़ा काम क्यों दिया गया? साथ ही आरोप लगाया था कि तय 15 हजार वर्ग मीटर की सीमा के बजाय करीब 45 हजार वर्ग मीटर में विज्ञापन कर ठेकेदार ने नियमों से अधिक कमाई की। उन्होंने ठेकेदार से अधिक क्षेत्र में किए गए प्रचार से कमाई गई रकम में से नियमानुसार वसूली की मांग की थी। साथ ही इस पर नकेल कसने की मांग भी उठी थी। उन्होंने यह भी कहा था कि इंदिरापुरम क्षेत्र में प्रचार का ठेका किसी दूसरी फर्म को दिया जाना चाहिए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कॉमनवेल्थ गेम्स की शानदार मेजबानी करेगा भारत: गुरजीत कौर




**अहमदाबाद, यूटर्न/ 24 मई।** अहमदाबाद में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत चलाए जा रहे 'संडे ऑफ साइकिल' इवेंट के 75वें संस्करण में भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी गुरजीत कौर ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने लोगों को फिट रखने के लिए प्रेरित करने वाली सरकार की इस मुहिम की सराहना की। गुरजीत ने इसके साथ ही कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की शानदार मेजबानी करने में सफल रहेगा। गुरजीत ने 'आईएएनएस' के साथ बात करते हुए कहा, 'अहमदाबाद आकर बहुत अच्छा लग रहा है। फिट इंडिया के तहत 'संडे ऑफ साइकिल' मुहिम में बहुत सारे लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और युवाओं को भी यह काफी पसंद आ रहा है। मैं लोगों को यही कहूंगी कि आप हर रविवार को साइकिल चलाइए और अगर हो सके, तो रोज साइकिल चलाने की कोशिश कीजिए। देखकर काफी बढ़िया लगा कि लोग घरों से बाहर आकर इस मुहिम को सपोर्ट कर रहे हैं।' गुरजीत ने भारत की मेजबानी में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 को लेकर बात करते हुए कहा, 'कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन भारत में होना है, तो भारतीय खिलाड़ी जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन काफी शानदार रहेगा, क्योंकि खिलाड़ियों को काफी अच्छी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।' गुरजीत ने खिलाड़ियों और लोगों से अपील करते हुए कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान आने वाली टीमों को भी सपोर्ट करें और प्लेयर्स दमदार प्रदर्शन करके दिखाएं कि भारत भी बहुत कुछ कर सकता है।

## श्रेयस अय्यर ने सुपर जायंट्स के खिलाफ शतकीय पारी के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

**लखनऊ, यूटर्न/ 24 मई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के अंतिम लीग मैच में शानदार शतक लगाने के साथ ही अपनी टीम को जीत दिलाने के अलावा एकसाथ कई बड़े रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। अब श्रेयस नंबर चार पर उतरकर शतकीय पारी खेलने वाले पहले कप्तान बने हैं। इस मैच में श्रेयस की पारी से पंजाब ने सात विकेट से जीत हासिल की। अय्यर ने 11 चौके और 5 छक्के लगाकर नाबाद 101 रन बनाये। जिसके कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। आईपीएल में इससे पहले कप्तानों ने 16 शतक लगाये हैं पर ये सभी शतक सलामी बल्लेबाजों या नंबर-3 तक के बल्लेबाजों ने लगाये हैं। मध्यक्रम में उतरकर शतक लगाने वाले श्रेयस पहले कप्तान हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही श्रेयस पंजाब किंग्स में कप्तान के तौर पर शतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी भी बने हैं। उनसे पहले साल 2020 में केएल राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ नाबाद 132 रन और साल 2011 में एडम गिलक्रिस्ट ने आरसीबी के ही खिलाफ 106 रनों की पारी खेली थी। साल 2020 के बाद यह पहला मौका है जब पंजाब किंग्स के किसी कप्तान ने आईपीएल में शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में क्लब में भी अय्यर ने अपनी जगह बनाई है।



## कार्तिक ने 15 साल में बनाई अलग पहचान

ग्वालियर जैसे छोटे शहर से निकलकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाले अभिनेता कार्तिक आर्यन आज बॉलीवुड के सबसे भरोसेमंद और बैंकेबल सितारों में गिने जाते हैं। पिछले 15 वर्षों में उन्होंने संघर्ष, मेहनत और लगातार हिट फिल्मों के दम पर खुद को इंडस्ट्री के शीर्ष कलाकारों में शामिल किया है। साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से कार्तिक ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में उनके लंबे मोनोलॉग और सहज अभिनय ने युवाओं के बीच उन्हें बेहद लोकप्रिय बना दिया। इसी फिल्म के बाद उन्हें 'मोनोलॉग गाइ' के नाम से पहचान मिलने लगी। कार्तिक के करियर में बड़ा मोड़ साल 2018 में आया, जब उनकी फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता साबित हुई। इस फिल्म ने उन्हें एक सफल लीडिंग स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। इसके बाद 'लुका छुपी', 'पति पत्नी और वो' और 'लव आज कल' जैसी फिल्मों ने उनकी लोकप्रियता को और मजबूत किया। कोरोना महामारी के बाद जब हिंदी फिल्म इंडस्ट्री मुश्किल दौर से गुजर रही थी।




## लंबे समय से मैं अलग किरदार की तलाश में थी: आकांक्षा पुरी

हाल ही रिलीज हुई वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस वेब सीरीज में अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने 'मीतू पंजाबी' नाम की एक महिला का किरदार निभाया है। सोशल मीडिया पर आकांक्षा के अभिनय की जमकर सराहना हो रही है। सीरीज में उनका किरदार पहले एक डांसर का होता है, जो बाद में पुलिस की मुखबिर बन जाती है। इस जटिल और भावनात्मक भूमिका को लेकर आकांक्षा पुरी ने खुलकर अपनी बात रखी है। आकांक्षा पुरी ने कहा कि वह लंबे समय से किसी अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार की तलाश में थीं और 'मीतू पंजाबी' ने उन्हें खुद को नए तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि यह किरदार निडर, मजबूत और भावनात्मक रूप से बेहद गहरा है। अभिनेत्री के मुताबिक इस भूमिका ने उन्हें अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका दिया और एक कलाकार के रूप में खुद के मजबूत पक्ष को पहचानने में मदद की। उन्होंने कहा कि 'मीतू पंजाबी' का किरदार निभाने के दौरान उन्हें कई तरह की भावनाओं से गुजरना पड़ा।

## ये मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है?

# कृति खरबंदा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी के नामों को जोड़कर बनाया गया मजेदार 'मेलोडी' ट्रेंड में अब अभिनेत्री कृति खरबंदा भी शामिल हो गई हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री ने हाल ही में कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनकी ड्रेस का रंग मशहूर 'मेलोडी' टॉफी से मिलता-जुलता दिखाई दिया। इसके बाद अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में ऐसा कैप्शन लिखा जिसने इंटरनेट यूजर्स का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कृति खरबंदा ने तस्वीरों के साथ लिखा, 'ये मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों है?' अभिनेत्री का यह कैप्शन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। उनके प्रशंसकों ने पोस्ट पर जमकर प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में मजेदार टिप्पणियां भी देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने इसे मौजूदा ट्रेंड से जोड़ते हुए बेहद क्रिएटिव बताया। दरअसल, 'मेलोडी' शब्द इन दिनों सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के बीच होने वाली दोस्ताना बातचीत और हल्के-फुल्के पलों को लेकर काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। यह ट्रेंड उस समय और ज्यादा चर्चा में आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली यात्रा के दौरान जियोर्जिया मेलोनी को भारत की लोकप्रिय 'मेलोडी' टॉफी उपहार में दी थी। इस खास तोहफे को लेकर जियोर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया था और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो सामने आने के बाद इंटरनेट पर 'मेलोडी' ट्रेंड तेजी से फैल गया और लोगों ने इसे लेकर कई मीम्स और मजेदार पोस्ट बनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे भारत और इटली के बीच मजबूत होते कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों देशों के नेताओं की सहज बातचीत और दोस्ताना व्यवहार को लोगों ने काफी पसंद किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति खरबंदा हाल ही में हाउसफुल 5 में नजर आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और नाना पाटेकर समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए हैं।



# व्हाइट हाउस पर 30 गोलियां चलाने वाले की इलाज के दौरान मौत

## फायरिंग करने वाला शख्स खुद को मानता था ईसा मसीह

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 मई।**

अमेरिका में व्हाइट हाउस के बाहर शनिवार शाम को हुई गोलीबारी के आरोपी को सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई में मार गिराया है। फायरिंग के दौरान सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने हमलावर पर गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, पिछली गिरफ्तारियों के दौरान उसने खुद को ईसा मसीह बताने और गिरफ्तार होने की इच्छा जैसे अजीबोगरीब बयान दिए थे। अधिकारियों ने इस घटना के पीछे किसी भी तरह के राजनीतिक मकसद का संकेत नहीं दिया है, फिर भी अमेरिकी राजनीतिक क्षेत्र के सभी प्रमुख नेताओं ने इस घटना के बाद राजनीतिक हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में ही मौजूद थे, जिसके बाद इसे उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक के रूप में देखा जा रहा है। एहतियात के तौर पर फिलहाल व्हाइट हाउस परिसर की सुरक्षा को काफी कड़ा कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, व्हाइट हाउस के बाहर सीक्रेट सर्विस चेकप्वाइंट पर गोलीबारी करने वाले बंदूकधारी की पहचान मैरीलैंड के 21 वर्षीय नासिर बेस्ट के रूप में हुई है। हमलावर ने आइजनहावर कार्यकारी कार्यालय भवन के पास, 17वीं स्ट्रीट और पेनसिल्वेनिया एवेन्यू के चौराहे पर व्हाइट हाउस परिसर के बेहद नजदीक लगभग 30 गोलियां चलाईं। सुरक्षा एजेंसी ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि सुरक्षा चौकी पर हमलावर द्वारा एजेंटों पर अचानक गोलीबारी शुरू करने के बाद अधिकारियों ने रक्षा में कदम उठाया और जवाबी फायरिंग की। इस हमले के पीछे का मुख्य मकसद अभी तक आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो सका है, लेकिन शुरूआती जांच के आधार पर माना जा रहा है कि नासिर बेस्ट मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह पहले भी व्हाइट हाउस की सुरक्षा चौकियों के आसपास संदिग्ध रूप से मंडराने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाने वाले अदालती आदेश का उल्लंघन करने के कारण अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की रडार पर था।

## संक्षिप्त खबरें

### व्हाइट हाउस पर गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 24 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया।

### 60 दिनों के लिए युद्धविराम बढ़ाने पर राजी हो सकते हैं अमेरिका, ईरानः रिपोर्ट

**मॉस्को, यूटर्न/ 24 मई।** अमेरिका और ईरान 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सकते हैं और इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य बिना किसी शुल्क के खुला रहेगा। एक्सियोस ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान के साथ समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है और इसके अंतिम पहलुओं तथा विवरणों पर चर्चा चल रही है, जिसकी जल्द घोषणा की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का मसौदा साझा किया है। इसके तहत दोनों पक्ष 60 दिनों के लिए वैध समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसे आपसी सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।



## कांगो में इबोला : बुनिया से आने-जाने वाली सभी यात्री उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित

**किंशासा, यूटर्न/ 24 मई।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो (डीआरसी) की सरकार ने पूर्वोत्तर इतुरी प्रांत की राजधानी बुनिया से आने-जाने वाली सभी यात्री उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह इलाका चल रहे इबोला प्रकोप का मुख्य केंद्र है। परिवहन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, 15 मई को इतुरी में इबोला प्रकोप घोषित किया गया था। बुनिया भी इसके सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शामिल है। सरकारी बयान के अनुसार (स्थानीय समयानुसार शनिवार को), अगले आदेश तक बुनिया हवाई अड्डे पर कोई भी विमान न तो उतर सकेगा और न ही वहां से उड़ान भर सकेगा। मंत्रालय ने बताया कि बुनिया आने-जाने वाली सभी वाणिज्यिक, निजी और विशेष उड़ानें रोक दी गई हैं। हालांकि, मानवीय मदद, मेडिकल और आपातकालीन उड़ानों को अनुमति दी जा सकती है लेकिन इसके लिए विमानन और स्वास्थ्य अधिकारियों की मंजूरी जरूरी होगी। यह बीमारी अब पड़ोसी प्रांतों नॉर्थ किवु और साउथ किवु तक भी फैल चुकी है। युगांडा, जो इतुरी की सीमा से लगता है, वहां भी कुछ मामलों की पुष्टि हुई है।

# एस जयशंकर ने रूबियो के सामने रखा 5 सूत्रीय एजेंडा

## कूटनीतिक संवाद और सुरक्षित समुद्री व्यापार को बताया अहम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत के पांच सूत्रीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करती है, बिना बाधा के समुद्री व्यापार का पक्ष लेती है, और व्यापार और संसाधनों का 'एक हथियार' के तौर पर इस्तेमाल करने का कड़ा विरोध करती है।

हैदराबाद हाउस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में नियमित संपर्क और रणनीतिक समन्वय बनाए हुए हैं।

उन्होंने कहा, 'यह सचिव (रूबियो) की पहली भारत यात्रा, लेकिन उनके पद संभालने के बाद से हम लगातार संपर्क में रहे हैं। इसमें वाशिंगटन डी.सी. और न्यूयॉर्क में मुलाकातें शामिल हैं, और अन्य कार्यक्रमों के दौरान भी बातचीत हुई है। हाल ही में फ्रांस में हुई बैठक



भी इसमें शामिल है। यह निरंतर संवाद दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग में सहायक रहा है।'

नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच राजनीतिक समझ को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी कई क्षेत्रों में साझा हितों पर आधारित है। उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ एक रणनीतिक साझेदारी के तौर पर है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों के मेल से उत्पन्न होती है।'

महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण बताते हुए जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली संवाद, अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन, आर्थिक मजबूती और भरोसेमंद साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, 'पहला, हम संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। दूसरा, हम सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के पक्ष में हैं। तीसरा, हम अंतरराष्ट्रीय कानून के सख्त पालन की मांग करते हैं। चौथा, हम बाजार हिस्सेदारी और संसाधनों के हथियार की तरह इस्तेमाल करने के खिलाफ हैं। और पांचवां, हम वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिमों से बचाने के लिए भरोसेमंद साझेदारी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में विश्वास रखते हैं।'

जयशंकर ने बताया कि रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी, जिसमें विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी बैठक में पश्चिम एशिया, भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी एशिया की घटनाओं पर चर्चा हुई, साथ ही कैरेबियाई क्षेत्र की उनकी हालिया यात्रा पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## गाजा फ्लोटिला विवादः फ्रांस ने इजरायल के मंत्री इतामार बेन-गवीर पर लगाया प्रतिबंध



**पेरिस, यूटर्न/ 24 मई।** फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा है कि इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर को तुरंत प्रभाव से फ्रांस में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैरो ने शनिवार को कहा कि यह फैसला बेन-गवीर की 'अस्वीकार्य' हरकतों के कारण लिया गया है, जो उन्होंने गाजा जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' में मौजूद फ्रांसीसी और यूरोपीय नागरिकों के साथ की थीं। समाचार एजेंसी सन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैरो ने कहा, 'हम किसी भी हालत में यह बर्दाश्त नहीं कर सकते कि फ्रांसीसी नागरिकों को धमकाया जाए, डराया जाए या उनके साथ हिंसा की जाए। खासकर जब ऐसा किसी सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति की ओर किया गया हो।' उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ को भी बेन-गवीर पर प्रतिबंध लगाने चाहिए। बुधवार को सैकड़ों लोगों को लेकर जा रहे गाजा-गामी सहायता फ्लोटिला के सदस्यों को इजरायल के अशदोद बंदरगाह पर लाया गया और इसी दौरान बेन-गवीर ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें कुछ कार्यकताओं को हथकड़ी लगाकर जमीन पर बैठाया दिखाया गया।

## ईरानी दूतावास ने अमेरिकी विदेश मंत्री की 'बंधक' टिप्पणी पर जताया सख्त ऐतराज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मई।**

राष्ट्रीय राजधानी स्थित ईरानी दूतावास ने भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की 'बंधक' टिप्पणी पर सख्त ऐतराज जताया है। एक प्रेस बयान जारी कर उनके दावे को सिरे से खारिज किया है। बयान विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स पर भी साझा किया गया है, जिसके मुताबिक, 'भारत स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान दूतावास, अमेरिकी विदेश मंत्री की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करता है। देश यह स्पष्ट करता है कि ऐसे आरोप क्षेत्र की वास्तविकताओं को तोड़-मरोड़कर पेश करने तथा अमेरिका और इजरायली शासन की अस्थिरता फैलाने वाली नीतियों से ध्यान भटकाने का स्पष्ट प्रयास हैं।'

दरअसल, 23 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगट ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया, 'विदेश मंत्री



रूबियो और प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान को वैश्विक ऊर्जा 'बाजार को बंधक' बनाने की इजाजत नहीं देगा, और इस बात की पुष्टि की कि अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों में भारत की ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने की क्षमता है।' ईरान ने अपने प्रेस नोट में आगे इसी पर अपनी बात स्पष्ट की।

## सैन्य ठिकाने पर हमले की कोशशि में नाइजीरियाई सैनिकों की जवाबी कार्रवाई, 12 संदिग्ध हमलावर ढेर

» **अबुजा, यूटर्न/ 24 मई।**

नाइजीरिया की सेना ने बताया है कि उत्तर-पूर्वी राज्य बोर्नो राज्य में एक सैन्य ठिकाने पर हमला करने की कोशिश के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम 12 संदिग्ध हमलावर मारे गए। सेना के प्रवक्ता सानी उबा ने शनिवार (स्थानीय समय) को एक बयान में कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने शुक्रवार सुबह नाइजीरिया-कैमरून सीमा के पास किरावा कस्बे में स्थित एक सैन्य पोस्ट में घुसपैठ करने की कोशिश की थी, लेकिन 153 टास्क फोर्स बटालियन और सहयोगी बलों के जवानों ने उन्हें रोक दिया। उबा के मुताबिक, सरकारी सैनिकों ने भारी गोलीबारी की, जिससे हमलावर पीछे हटने पर मजबूर हो गए और वे कैमरून सीमा की ओर भाग गए। सेना ने बताया कि कुछ हमलावर घायल हालत में वहां से भाग निकले। सैनिकों ने मौके से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया, जिनमें एके-47 राइफलें,



रॉकेट लॉन्चर और एक मशीन गन शामिल हैं। इससे पहले 19 मई को सेना ने बताया था कि नाइजीरिया के उत्तर-पूर्वी इलाके में आतंकवाद विरोधी संयुक्त अभियानों में नाइजीरियाई सैनिकों और अमेरिकी बलों ने मिलकर कुल 175 इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों और उनके वरिष्ठ कमांडरों को मार गिराया है। सेना के प्रवक्ता समाइला उबा ने एक बयान में कहा था कि ये संयुक्त हवाई और जमीनी हमले पिछले सप्ताहांत शुरू हुए थे और इनसे आतंकवादी संगठन की ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *